<u>प्रसार भारती</u>
<u>प्रादेशिक समाचार एकांश</u>
<u>आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)</u>
<u>प्रादेशिक समाचार बुलेटिन</u>

18.45 गुरूवार दिनांक 16.04.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

- महिला आरक्षण और परिसीमन पर केंद्रित संसद का विशेष सत्र आज से शुरू—प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।
- छत्तीसगढ़ में जनगणना — दो हजार सत्ताईस के तहत स्व—गणना का कार्य आज से शुरू।
- प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी स्कूलों के लिए बीस अप्रैल से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया।
- मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में लू चलने की दी चेतावनी।

<u>नारी शक्ति वंदन अधिनियम—विशेष सत्र</u>

संसद के विस्तारित बजट अधिवेशन के तीन दिन का विशेष सत्र आज से शुरू हो गया है। यह सत्र अट्ठारह अप्रैल तक चलेगा। यह सत्र महिला आरक्षण और परिसीमन पर केन्द्रित होगा।

आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार नीति निर्माण में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम कर रही है।

इससे पहले, केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने लोकसभा में संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक और परिसीमन विधेयक पेश किया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया।

<u>नारी शक्ति वंदन अधिनियम—अरूण साव</u>

लोकसभा में महिला आरक्षण के संशोधन विधेयक पर आज से चर्चा शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इसे स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन बताया है। नवा रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि यह कदम देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और नए भारत के निर्माण को गति देगा।

वहीं, गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही जिले में भी आज नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<u>छत्तीसगढ़—जनगणना</u>

छत्तीसगढ़ में जनगणना — दो हजार सत्ताईस के तहत स्व—गणना का कार्य आज से शुरू हो गया है, जो तीस अप्रैल तक चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में ऑनलाइन स्व—गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज की और नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

श्री साय ने बताया कि एक मई से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। तीस मई तक प्रगणक घर–घर जाकर आवासीय और गैर–आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।

मुख्य सचिव विकासशील और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने भी आज मंत्रालय में स्व–गणना के तहत अपनी जानकारी स्वयं दर्ज की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी जानकारी स्वयं भरकर जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्कूल–अवकाश

प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त तथा गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए बीस अप्रैल से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का आदेश जारी किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि अप्रैल माह में बढ़ते तापमान और भीषण लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में एक मई से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था।

सहायक शिक्षक–भर्ती

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सहायक शिक्षक के दो हजार दो सौ बयानवे पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा रहा है। इनमें से सात सौ पंचानवे पद ई–संवर्ग की शालाओं और एक हजार चार सौ संतानवे पद टी–संवर्ग की शालाओं में भरे जाएंगे।

लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक अशोक नारायण बंजारा ने बताया कि भर्ती संबंधी विज्ञापन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं की वेबसाइट और स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

सुशासन तिहार

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए "सुषासन तिहार" का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर आवष्यक दिषा–निर्देष दिए हैं। उन्होंने निर्देष दिए हैं कि तीस अप्रैल तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विषेष अभियान चलाया जाए। इसमें भूमि संबंधी मामलों, मनरेगा भुगतान, प्रमाण पत्र, बिजली और हैंडपंप से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। सुषासन तिहार के अंतर्गत एक मई से दस जून तक प्रदेषभर में जनसमस्या निवारण षिविर लगाए जाएंगे। इन षिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा और योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

पावर प्लांट–दुर्घटना

सक्ती जिले के वेदांता पावर प्लांट हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर बीस हो गई है। हादसे में घायल पंद्रह लोगों का छत्तीसगढ़ के अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।
इस बीच, भारतीय मजदूर संघ ने मजदूरों की मौत के बाद मुआवजा सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज प्लांट प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के नेताओं के दल ने आज वेदांता पावर प्लांट पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

### रक्षक पाठ्यक्रम

प्रदेश के महाविद्यालयों में "रक्षक" पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल की जा रही है। इसका उद्देष्य विद्यार्थियों के माध्यम से बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों की सुरक्षा सुनिष्चित करना है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है।

### ट्रेन परिचालन

ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर मंडल के अंतर्गत डूंगरीपाली–खालियापाली सेक्शन में आरसीसी सेगमेंट बॉक्स की स्थापना और गर्डर लॉन्चिंग तथा डी–लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से टिटलागढ़–रायपुर–टिटलागढ़ और टिटलागढ़–बिलासपुर–टिटलागढ़ पैसेंजर सत्रह, अट्ठारह, सत्ताईस और अट्ठाईस अप्रैल को रद्द रहेगी।

वहीं, रायपुर रेलमंडल के निपनिया–भाटापारा सेक्शन के बीच जारी रोड अंडरब्रिज निर्माण के चलते सत्रह और उन्नीस अप्रैल को रद्द की गई रायपुर–बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर और गोंदिया–झारसुगुड़ा–गोंदिया पैसेंजर इस तिथि में यथावत् संचालित होगी।

वहीं, रायपुर रेलमंडल के आर.व्ही.एच–मंदिर हसौद के बीच कचना रेलवे लेवल क्रॉसिंग अप लाइन पर विशेष कार्य के चलते कल सत्रह अप्रैल की रात आठ बजे से अट्ठारह अप्रैल की सुबह नौ बजे तक इस मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा।

इस बीच, रेलवे द्वारा सत्रह से छब्बीस अप्रैल तक उधना–सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन तीन फेरों के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से होकर गुजरेगी।

### मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में ग्रीष्मलहर यानी लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

### संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत चयनित चार सौ तीस प्रयोगशाला परिचारकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने आज नई दिल्ली में पद और गोपनीयता की शपथ ली।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रायपुर कमिश्नरेट में ट्रैफिक–प्रोटोकॉल के डीसीपी विकास कुमार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए में पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्त दी है।
- छत्तीसगढ़ में तीन हजार दो सौ करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने पूर्व आबकारी विषेष सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेषक अरुण पति त्रिपाठी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है।
- बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में बस स्टैंड के पास कम ब्याज दर पर लोन देने संबंधी पोस्टर और पाम्पलेट लगाए गए हैं। पुलिस ने लोगों से इस तरह के भ्रामक विज्ञापन से बचने की अपील की है।
- प्रदेश में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए उत्कृष्ट आवासीय स्कूलों के चयन के लिए तेईस अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>